राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, जोधपुर

सामान्य दिशा–निर्देश

1. बैंक की सभी शाखाओं/एएमएसएच/कार्यालय हेतु सभी 14 क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के अधीन समवर्ती लेखा परीक्षण हेतु क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/वाणिज्यिक बैंक के सेवानिवृत (Superannuation) बैंक अधिकारियों एवं सनदी लेखाकारों की आवश्यकता है।
2. रिक्तियों की संख्या में किसी भी स्तर पर बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन बैंक के विवेकाधीन रहेगा।
3. बैंक के 14 क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर–I, जयपुर–II, दौसा, नागौर, पाली–I, पाली–II, जालोर, सिरोही वं उदयपुर है।
4. समवर्ती लेखा परीक्षा हेतु आवेदन करते समय तीन क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय का विकल्प देना होगा, जिनके क्षेत्राधीन पात्र शाखाओं में समवर्ती लेखा परीक्षण का कार्य करने के इच्छुक है। चौथे विकल्प में बैंक के संपूर्ण कार्य क्षेत्र में कही भी कार्य करने का दिया जा सकता है।
5. आवेदन पत्र Capital letters में भरना होगा।
6. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर, ''महाप्रबन्धक (निरीक्षण एवं अंकेक्षण) राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, 9th बी रोड़, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)– 342003'' पतें पर दिनांक 02.07.2024 को शाम 5 बजे तक डाक/कुरियर/ई–मेल (audit@rmgb.in) से प्राप्त हो जाना चाहिए।
7. ई–मेल किये गये आवेदन पत्र डाक के माध्यम से अवश्य प्रेषित करें।
8. लिफाफे के ऊपर "समवर्ती लेखा परीक्षा हेतु आवेदन पत्र" लिखें।
9. आवेदन पत्र के साथ सभी अनुलग्नक स्वयं द्वारा सत्यापित कर संलग्न करें।
10. सेवानिवृति पर बैंक द्वारा दिये गये सेवानिवृति पत्र की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
11. सनदी लेखाकार फर्म हेतु अनुलग्न I एवं II
12. राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के अधिवर्षिता प्राप्त अधिकारियों हेतु अनुलग्न III एवं IV
13. अन्य वाणिज्यिक व ग्रामीण बैंकों के अधिवर्षिता प्राप्त अधिकारियों हेंतु अनुलग्न V एवं VI